भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 907
गुरुवार, 7 दिसंबर, 2023 / 16 अग्रहायण, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

## हेलीकॉप्टर सेवाएं

**907. डॉ. सुजय विखे पाटील:**
**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:**
**डॉ. हिना विजयकुमार गावीत:**
**प्रो.रीता बहुगुणा जोशी:**
**श्री कृष्णपालसिंह यादव:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में पंजीकृत और प्रचालनशील सिविल हेलीकॉप्टरों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की देश में सिविल हेलीकॉप्टर बाजार के विकास में बाधा डालने वाले मौजूदा नियमों और विनियमों के संबंध में इस उद्योग द्वारा जताई गई चिंताओं को दूर करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की उड़ान-5.1 योजना के माध्यम से हेलीकॉप्टर सेवाओं के विकास और विस्तार को बढ़ावा देने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने देश में विशेषकर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में हेलीकॉप्टर प्रचालनों के लिए और अधिक निवेश आकर्षित करने, अवसंरचना में सुधार करने और समग्र परितंत्र को बढ़ाने के लिए उपाय किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार के पास उड़ान-5.1 से लाभान्वित होने वाले विशिष्ट क्षेत्रों का ब्यौरा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डॉ.)विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त) )**

(क) : वर्तमान में, देश में विभिन्न श्रेणियों, नामतः अनुसूचित प्रचालक, गैर-अनुसूचित प्रचालक, निजी प्रचालक, राज्य सरकार, इत्यादि के 330 हेलीकॉप्टर पंजीकृत हैं। किसी भी विमान (हेलीकॉप्टर) को तब तक प्रचालनिक माना जाता है जब तक कि उसका रखरखाव निरंतर रूप से उड़न योग्यता के स्तर पर किया जा रहा हो।

(ख) : नियमों एवं विनियमों का निर्धारण तथा उनका संशोधन एक सतत प्रक्रिया है, जो हेलीकॉप्टर सेवाओं के प्रचार के हित में अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (आईसीएओ) के मानदंड को ध्यान में रखते हुए किया जाता है।

(ग) और (घ) : उड़ान योजना का उद्देश्य हेलीकॉप्टरों के माध्यम से दूरस्थ एवं क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देना है। उड़ान 2.0, 4.0, 4.1 और 4.2 की बोली प्रक्रिया के दौर के दौरान, चयनित हेलीकॉप्टर प्रचालकों को देशभर में कुल 133 हेलीकॉप्टर मार्ग/नेटवर्क अवार्ड किए गए हैं। वर्तमान में, हेलीपैडों को केवल देश के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों, नामतः जम्मू और कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र, अंडमान निकोबार द्वीप और लक्षद्वीप द्वीप समूह में विकास के लिए चिह्नित किया गया है। उड़ान योजना के तहत अब तक 09 हेलीपैड तथा 48 हेलीकॉप्टर मार्ग/नेटवर्क का प्रचालन शुरू किया जा चुका है।

हाल ही में, हेलीकॉप्टर प्रचालन को और बढ़ावा देने तथा विशेष रूप से हेलीकॉप्टरों के माध्यम से अंतिम-मील संपर्क प्रदान करने के लिए उड़ान 5.1 शुरू की गई है।

(ङ) : भारत में उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना मुख्य रूप से देश के सभी क्षेत्रों में अवस्थित अल्पपरिचालित तथा अपरिचालित हवाईअड्डों के लिए हवाई संपर्क को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।
उड़ान योजना के तहत प्रचालित 76 हवाईअड्डों, हेलीपोर्टों तथा वॉटर एयरोड्रोमों का क्षेत्र-वार विवरण अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

****

**अनुलग्नक**

## क्षेत्रवार लाभान्वित क्षेत्र

## उड़ान योजना के तहत चालू किए गए हवाई अड्डों, हेलीपोर्टों और वाटर एयरोड्रोम का क्षेत्र-वार विवरण।

| क्रमांक | राज्य | एयरपोर्ट |
|---|---|---|
| 1. | **दक्षिणी क्षेत्र** | कडप्पा (अल्प परिचालित)(राउंड-1) |
| 2. | | कुरनूल (अपरिचालित ) (राउंड-3) |
| 3. | | बेलगाम (अल्प परिचालित)(राउंड-3) |
| 4. | | हुबली (अल्प परिचालित)(राउंड-2) |
| 5. | | मैसूर (अपरिचालित ) (राउंड-1) |
| 6. | | विद्यानगर (अपरिचालित ) (राउंड-1) |
| 7. | | कलबुर्गी (गुलबर्गा) (अपरिचालित ) (राउंड-3) |
| 8. | | बीदर (अपरिचालित ) (राउंड-1) |
| 9. | | शिवमोग्गा (अपरिचालित ) (राउंड-4.1) |
| 10. | | कन्नूर (अपरिचालित ) (राउंड-2) |
| 11. | | पांडिचेरी (अल्प परिचालित)(राउंड -1) |
| 12. | | सेलम (अपरिचालित ) (राउंड-1) |
| 13. | **उत्तर पूर्वी क्षेत्र** | तेजू (अपरिचालित ) (राउंड-2) |
| 14. | | पासीघाट (अपरिचालित ) (राउंड-2) |
| 15. | | होलोंगी (अपरिचालित ) (राउंड-4.3) |
| 16. | | जोरहाट (अल्प परिचालित)(राउंड-2) |
| 17. | | लीलाबारी (अल्प परिचालित)(राउंड-2) |
| 18. | | तेजपुर (अल्प परिचालित)(राउंड-2) |
| 19. | | रूपसी (अपरिचालित ) |
| 20. | | शिलांग (अल्प परिचालित)(राउंड-1) |
| 21. | | दीमापुर (अल्प परिचालित)(राउंड-3) |
| 22. | | पाक्योंग (अपरिचालित ) (राउंड-2) |
| 23. | **उत्तरी क्षेत्र** | हिसार (अपरिचालित ) |
| 24. | | शिमला (अपरिचालित ) |
| 25. | | कुल्लू (अल्प परिचालित) |
| 26. | | मंडी - **हेलीपोर्ट** (अपरिचालित ) |
| 27. | | रामपुर - **हेलीपोर्ट** (अपरिचालित ) |
| 28. | | ग्वालियर (अल्प परिचालित)(राउंड-1) |
| 29. | | आदमपुर (अपरिचालित ) (राउंड-1) |
| 30. | | भटिंडा (अपरिचालित ) (राउंड-1) |
| 31. | | लुधियाना (अपरिचालित ) (राउंड-1) |
| 32. | | पठानकोट (अपरिचालित ) (राउंड-1) |
| 33. | | बीकानेर (अपरिचालित ) (राउंड-1) |
| 34. | | जैसलमेर (अपरिचालित ) (राउंड-1) |
| 35. | | किशनगढ़ (अपरिचालित ) (राउंड-2) |
| 36. | | आगरा (अल्प परिचालित)(राउंड-1) |
| 37. | | इलाहाबाद (अल्प परिचालित)(राउंड-2) |
| 38. | | कानपुर( चकेरी) (अपरिचालित ) (राउंड-1) |
| 39. | | हिंडन (अपरिचालित ) (राउंड-2) |
| 40. | | बरेली (अपरिचालित ) (राउंड-2) |
| 41. | | कुशीनगर (अपरिचालित ) (राउंड-3) |
| 42. | | पंतनगर (अल्प परिचालित)(राउंड-1) |
| 43. | | पिथौरागढ (अपरिचालित ) (राउंड-2) |
| 44. | | सहस्त्रधारा -**हेलीपोर्ट** (अपरिचालित ) (राउंड-2) |

| क्रमांक | राज्य | एयरपोर्ट |
|---|---|---|
| 45. | | चिन्यालीसौड़ – **हेलीपोर्ट** ( अपरिचालित ) (राउंड-2) |
| 46. | | गौचर - **हेलीपोर्ट** ( अपरिचालित ) (राउंड-2) |
| 47. | | नई टेहरी - **हेलीपोर्ट** ( अपरिचालित ) (राउंड-2) |
| 48. | | श्रीनगर - **हेलीपोर्ट** ( अपरिचालित ) (राउंड-2) |
| 49. | | हलद्वानी - **हेलीपोर्ट** ( अपरिचालित ) (राउंड-2) |
| 50. | | अल्मोडा – हेलीपोर्ट (अपरिचालित ) (राउंड-2) |
| 51. | **पूर्वी क्षेत्र** | दरभंगा (अपरिचालित ) (राउंड-2) |
| 52. | | जगदलपुर (अपरिचालित ) (राउंड-1) |
| 53. | | बिलासपुर (अपरिचालित ) (राउंड-1) |
| 54. | | देवघर (अपरिचालित ) (राउंड-4.1) |
| 55. | | जमशेदपुर (अपरिचालित ) (राउंड-1) |
| 56. | | कूच बिहार (अपरिचालित )(राउंड-1) |
| 57. | | दुर्गापुर ( अल्प परिचालित)(राउंड-1) |
| 58. | | झारसुगुड़ा (अपरिचालित) (राउंड-1) |
| 59. | | जयपोर (अपरिचालित) (राउंड-1) |
| 60. | | राउरकेला (अपरिचालित ) (राउंड-1) |
| 61. | | उत्केला (अपरिचालित ) (राउंड-1) |
| 62. | **पश्चिमी क्षेत्र** | दीव (अल्प परिचालित)(राउंड-1) |
| 63. | | भावनगर (अल्प परिचालित)(राउंड-1) |
| 64. | | जामनगर (अल्प परिचालित)(राउंड-1) |
| 65. | | कांडला (अपरिचालित ) (राउंड-1) |
| 66. | | केशोद (अपरिचालित ) (राउंड-2) |
| 67. | | मुंद्रा (अपरिचालित ) (राउंड-1) |
| 68. | | पोरबंदर (अल्प परिचालित)(राउंड-1) |
| 69. | | स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (डब्ल्यू) (अपरिचालित ) |
| 70. | | साबरमती रिवर फ्रंट ( डब्ल्यू) (अपरिचालित ) |
| 71. | | गोंदिया (अपरिचालित ) (राउंड-4) |
| 72. | | जलगांव (अपरिचालित ) (राउंड-1) |
| 73. | | कोल्हापुर (अपरिचालित ) (राउंड-1) |
| 74. | | नांदेड़ (अपरिचालित ) (राउंड-1) |
| 75. | | ओज़ार (नासिक) (अपरिचालित ) (राउंड-1) |
| 76. | | सिंधुदुर्ग ( अपरिचालित ) (राउंड-3) |